




# घरेलू तरीकों से रखें मुंह और दांतों का ख्याल



**वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे 20 मार्च**

स्वस्थ शरीर के लिए ओरल हेल्थ का अच्छा होना बेहद जरूरी है। केवल दिन में दो बार ब्रश करना ही काफी नहीं, बल्कि मुंह की पूरी सफाई और सही देखभाल भी उतनी ही जरूरी है। मुंह की बदबू से बचने के लिए सही तरीके से ब्रश करना जरूरी है और समय-समय पर टूथब्रश बदलना चाहिए। दिनभर पर्याप्त पानी पीने से मुंह साफ रहता है और बैक्टीरिया कम होते हैं। सौंफ चबाना भी तुरंत फ्रेशनेस देता है। नींबू और नमक को पानी में मिलाकर कुल्ला करना प्रभावी उपाय है।

सीके बिड़ला हॉस्पिटल की ईएनटी विभाग की कंसल्टेंट डॉ. दीप्ति सिन्हा के अनुसार, 'दांतों की सही सफाई न करने पर कैविटी, मसूड़ों की सूजन, बदबू और समय से पहले दांत गिरने जैसी समस्याएं हो सकती हैं।' वहीं, मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स, फरीदाबाद के हृदय रोग विभाग के डायरेक्टर डॉ. गजेंद्र कुमार गोयल बताते हैं कि मुंह की साफ-सफाई में लापरवाही से होने वाला संक्रमण खून के जरिए दिल तक पहुंच सकता है। नियमित ब्रशिंग और चेकअप से इन समस्याओं से बचा जा सकता है।

## बचें इन चीजों से

चीनी, मीठे पेय और चिपचिपे खाद्य पदार्थों का सेवन सीमित करें, क्योंकि ये दांतों की सड़न का मुख्य कारण हैं। धूम्रपान, तंबाकू और सुपारी का सेवन न करें, क्योंकि ये ओरल कैंसर और मसूड़ों की बीमारियों का बड़ा कारण बनते हैं और दांतों को कमजोर बनाते हैं।

> ओरल हाइजीन की अनदेखी सिर्फ दांतों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि इसका संबंध दिल की बीमारी, डायबिटीज और सांस से जुड़ी समस्याओं से भी है। इसलिए दांतों की नियमित देखभाल जरूरी है। -डॉ. दीप्ति सिन्हा

> दांतों का संक्रमण खून के जरिए दिल तक पहुंचकर हार्ट वाल्व को नुकसान पहुंचा सकता है, इसलिए खासकर, हार्ट मरीजों के लिए ओरल हेल्थ का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। - डॉ. गजेंद्र कुमार गोयल



## क्या रखें ध्यान में?

- रोजाना कम से कम दो बार ब्रश करें और जीभ की सफाई भी करें।
- ज्यादा मीठे खाद्य पदार्थों से बचें।
- खाना खाने के बाद कुल्ला जरूर करें। किसी भी डेंटल प्रोसीजर से पहले हार्ट एक्सपर्ट से सलाह लें।
- हार्ट से जुड़ी स्थिति की जानकारी डेंटिस्ट को दें।

## दर्द में घरेलू राहत

दांत दर्द में लहसुन और लौंग कारगर उपाय माने जाते हैं। लहसुन में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जबकि लौंग दर्द को कम करने में मदद करती है। इनका सीमित उपयोग तुरंत राहत दे सकता है, लेकिन लगातार दर्द होने पर डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है।

## बिंदास BOL

### टिकट खरीद कर सिनेमा में फिल्म देखने का चलन अब क्यों कम हो रहा है?

सवाल पर पाठकों की राय

टिकट खरीदकर सिनेमा हॉल में फिल्म देखना अब पहले की तुलना में कम हो गया है। आज के दौर में लोगों के पास तीन घंटे बैठकर फिल्म देखने का समय नहीं है। घर पर आराम से फिल्म देखने के कई विकल्प उपलब्ध हैं, इसलिए लोग वहीं मनोरंजन करना ज्यादा पसंद करते हैं। इसके अलावा, ट्रैफिक और दूरी भी बड़ी समस्या बन गई है। सिनेमा टिकट काफी महंगे हो गए हैं और कमाने वाले युवा भी अपने खर्चों को प्राथमिकता देते हैं। सीनियर सिटीजन के लिए लंबे समय तक बैठना और आना-जाना दोनों ही मुश्किल होता है। -रमा रोठी

मोबाइल और इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल से सिनेमा हर किसी की पहुंच में आ गया है। लोग ओटीटी प्लेटफॉर्म और यूट्यूब पर काम के साथ-साथ मनोरंजन भी कर लेते हैं। इसी वजह से थिएटर जाकर फिल्म देखना कई लोगों को समय की बर्बादी लगता है। फिर भी कुछ लोग बड़े पर्दे का अनुभव और बच्चों को उसका महत्व दिखाने के लिए हॉल ले जाते हैं। -विशाखा सिंघल



**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in